BA-I

हिन्दी साहित्य – प्रथम प्रश्न प्रत्र

प्र1. सप्रसंग अर्थ लिखिए– 30

अ) सतगुरु की महिमा अनत, अनत किये उपकार।

लोचन अनंत उघाड़िया, अनंत दिखावन हार।।

ब) आए जोग सिखावन पाडें।

परमारथी पुराननि लादे, ज्यों बनजारे टाडें।।

स) श्री गुरु चरन सरोज रज , निज मन मुकुरु सुधारि।

बरनउं रघुबर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि।।

प्र2. सूरदास और तुलसी दास का साहित्य का परिचय दीजिए। 15

प्र3. खण्डकाव्यो और महाकाव्य में अंदर बताइए। 10

प्र4. भक्तिकाल की विशेषताएं बताइएं। 10

प्र5. संक्षिप्त उत्तर दीजिए– 10

1. रस के प्रकार लिखिए।
2. यमक और श्लेष में अंतर बताइए।
3. हिन्दी के प्रथम कवि और उनकी रचना का नाम लिखिए।
4. अवधी और ब्रजभाषा के कवियों के नाम लिखिए।
5. रीतिकाल की प्रमुख धाराओं के केवल नाम लिखिए।

BA-I

हिन्दी साहित्य – द्वितीय प्रश्न प्रत्र

प्र1. सप्रसंग अर्थ लिखिए– 30

1. जिस समाज में रात–दिन मेहनत करने वालों की हालत
   उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों
   के मुकाबले में वे लोग, जो किसानो की दुर्बलताओं
   से लाभ उठाना जानते थें, कहीं ज्यादा सम्पन्न थें।
2. तारक खचित नील अंबर और समुद्र के आकाश में
   पवन उद्यम मचा रहा था। अंधकार से मिलकर पवन
   दुष्ट हो रहा था। समुद्र में आंदोलन था। नौका लहरो में
   विकल थी।
3. जाहिल भीड़ ने घृणा और शर्म से आंखे फेरली। उस
   नग्नता की झलक से खान की कठोरता भी पिघल गई। ग्लानि
   में थूंक, पर्दे को आंगन मे वापस फेंक दिया।

प्र2. जयशंकर प्रसाद और प्रेमचंद्र का साहित्यि महत्व बताइए। 15

प्र3. कहानी और उपन्यास में अंतर बताइए। 10

प्र4. ठेस या कफन नामक कहानी का सारांश लिखिए। 10

प्र5. गबन उपन्यास की केन्द्रीय समस्या क्या हैं। 10

अथवा

जलपा का चरित्र चित्रण कीजिए।

BA-II

हिन्दी साहित्य – प्रथम प्रश्न प्रत्र

प्र1. सप्रसंग अर्थ लिखिए– 30

अ) कोई न छायादार पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई
स्वीकार श्याम तन भर बंधा यौवन, नत ,नयन, प्रियकर्म रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार–बार प्रहार।

ब) आज का दुख, कल का आह्लाद ,और
कल का सुख , आज का विषाद।
समस्या स्वप्नगूढ़ संसार, पूर्ति जिसकी उस पार।

स) अक्षत, अनाघ्रात, अस्पष्ट, अनाविल, हे महाबुद्व
अर्पित करती हूॅं तुझे। वहीं–वहीं प्रत्येक भरे प्याला जीवन का।

प्र2. मैथलीशरण गुप्त और सूर्यकान्त त्रिपाठी का महत्व बताइए। 15

प्र3. सुमित्रानंदन पंत प्रकृति का सुकोमल कवि क्यों कहलातें हैं। 10

या

अज्ञेय को नई कविता का शलाका पुरुष क्यो कहतें हैं।

प्र4. टिप्पणी लिखिए–

छायावाद , प्रयोगवाद , प्रगतिवाद

प्र5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए–

1. मैथलीशरण गुप्त के गुरु कौन थे।
2. निराला जी के महाकाव्य का नाम क्या हैं।
3. प्रयोगवाद के जन्मदाता कौन हैं।
4. सरोजस्मृति के रचनाकार कौन थे।
5. एक खंडकाव्य का नाम लिखिए।

BA-II

हिन्दी साहित्य – द्वितीय प्रश्न प्रत्र

प्र1. सप्रसंग अर्थ लिखिए– 30

अ) कोकिल बायस एकसम, पंडित मूरख एक।

इंद्रामन दाड़िम विषम, जहॉ न नेकु विवेक।।

ब) जो सजाऐ हमने दी हैं, जो गुनाह हमनें किरी हैं, जो

बेइंसाफियां हमने की हैं, इन सबका अजाब हम अपने आगोस

में लिए हैं।.............अलविदा।

स) लड़कियों का स्वयंबर यहां होता था, पर चुनता कौन था, कन्या

या वर? एक कन्या के लिए सैकडो युवक आते थे, रुप गुण

और पौरुष में जो बड़ा होता। उसे कन्या चुनती।

प्र2. निम्नलिखित रचनाकारो का महत्व बताइए– 15

डॉ. रामकुमार वर्मा , रामचंद्र शुक्ल , हजारी प्रसाद द्विवेदी

प्र3. नाटक और एकांकी में अंतर बताइए। 10

प्र4. हिन्दी नाटको का इतिहास लिखित। 10

प्र5. एकांकी के तत्वों को समझाइए। 10

BA – III

हिन्दी साहित्य – प्रथम प्रश्न प्रत्र

प्र1. सप्रसंग अर्थ लिखिए – 30

अ) घर अंधियार नैन नहीं सूझै , ज्ञान का दीप जला दीजे हो ।

विष की लहर उठत घर अंतर , अमृत बूंद चूहा दीजै हो।।

ब) तेली घर तेल रहिथे त पहाड़ ल नइ पोते।

स) ओरवाली के पानी बरैडी में नइ चढ़य।

द) जम्मो साथ चुरोना बोरय, एक साथ के खातिर।

एक दिशा के उड़त परेवा ढीया ल अमरा लैथे।।

प्र2. कवि परिचय दीजिए– 15

धर्मदास , मुकुंद कौसल

प्र3. छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास कम को स्पष्ट कीजिए। 10

प्र4. छत्तीसगढ़ी और हिन्दी भाषा की तुलना कीजिए। 10

प्र5. संक्षिप्त परिचय दीजिए– 10

पं. सुंदरलाल शर्मा , छत्तीसगढ़ी भाषा

BA-III

हिन्दी साहित्य – द्वितीय प्रश्न प्रत्र

प्र1. ''हिन्दी की उत्पत्ति'' विषय पर अपना विचार दीजिए।

प्र2. आदिकाल की परिस्थितियों का चित्रण करते हुए इस युग की प्रमुख विशेषताए बताइए।

प्र3. भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग क्यों कहते हैं।

प्र4. रीतिकाल की प्रमुख धाराओं के प्रतिनिधि कवियों एवं उनकी रचनाओं से परिचय कराइए।

प्र5. संक्षिप्त उत्तर दीजिए–

1 हिन्दी के प्रथम कवि एवं उनकी रचना का नाम लिखिए।
2 हिन्दी के प्रथम गद्य लेखक एवं उनकी रचना का नाम लिखिए।
3 हिन्दी के प्रथम महाकाव्य एवं महाकवि का नाम लिखिए।
4 हिन्दी के प्रथम उपन्याय एवं उपन्यासकार का नाम बताइए।
5 पूर्वी हिन्दी से किन–किन भाषाओं का जन्म हुआा नाम लिखिए।